514(E)
21/01/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 21/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सुपौल के अन्तर्गत Construction of Drain in SH-91 (Km. 35.00 to Km. 39.00) in Chhatapur Market for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1668(अनु०) दिनांक–15.12.2025 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–15.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Drain in SH-91 (Km. 35.00 to Km. 39.00) in Chhatapur Market for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सुपौल। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹999.53 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–7123(s) दिनांक–11.08.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹876.52 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1602(अनु०) दिनांक–04.12.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹580.07010 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 05 (Five) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 04.10.2025 |

| | | |
|---|---|---|
| 2.10 प्राप्त निविदा की संख्या | : | 01 (एक) अदद यथाः–<br>(i) Maa Kamakhya Traders |
| 2.11 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1668(अनु०) दिनांक–15.12.2025 |
| 2.12 परिवाद की स्थिति | : | वर्त्तमान तिथि तक इस पुनर्निविदा से संबंधित कोई परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार में प्रमंडलीय स्तर पर एकल निविदा प्राप्त होने के कारण पुनर्निविदा की गई है। |

3. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–**

3.1 विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा में एकल निविदकार Maa Kamakhya Traders द्वारा भाग लिया गया है। निविदाकार Maa Kamakhya Traders द्वारा अग्रधन की राशि Online के रूप में पुनर्निविदा के साथ जमा की गयी है।

3.2 एकल निविदाकार Maa Kamakhya Traders द्वारा पुनर्निविदा के साथ अपलोड विभिन्न कार्यालयों द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, सुपौल द्वारा कराया गया है।

3.3 उपरोक्त विवरणी के अनुसार एकल निविदाकार Maa Kamakhya Traders SBD निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता को पूरा करते है।

3.4 विभागीय पत्रांक–6228(एस०) दिनांक–30.12.2021 से प्राप्त निदेश के आलोक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विषयाधीन कार्य की पुनर्निविदा के एकल निविदाकार Maa Kamakhya Traders को SBD निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है तथा पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप विभागीय अधिसूचना संख्या–3162(एस०) दिनांक–09.05.2016 एवं बिहार लोक निर्माण संहिता की कंडिका–163 के अनुपालन में विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित करने की अनुशंसा करती है।

4. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

4.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1668(अनु०) दिनांक–15.12.2025 से प्राप्त दिनांक–15.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

4.2 पथ प्रमंडल, सुपौल के अन्तर्गत Construction of Drain in SH-91 (Km. 35.00 to Km. 39.00) in Chhatapur Market for the year 2025-26 कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त एकल निविदाकार यथा Maa Kamakhya Traders को SBD निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है। बशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

4.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

21/01/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

21/01/26
(उमाशंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता,
सीमाचंल उपभाग,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

21/01/26
(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–229/2025 514 (E) पटना, दिनांक 21/01/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/01/26
(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

निर्गत शाखा
21/01/26